आफ पोटाश का औसत लागत और भाड़ा मूल्य निम्न प्रकार रहा :–

वर्ष	प्रति टन औसत लागत और भाड़ा
1992–93	रू० 3747/-
1993–94	रू० 3145/-

निजी व्यापार खाते पर आयातों के सम्बन्ध में मूल्य सूचना सरकार द्वारा नहीं रखी जाती।

Global tender for ethylene shortage system

1334, SHRI K. R. MALKANI: Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Indian petrochemicals Corporation Limited floated a global tender for an ethylene storage system for its Gandhar gas cracker unit in Gujarat;

(b) whether the Hyundai Corpora tion of South Korea made the lowest and economical bid;

(c) whether the bid was not accepted; and if so, the reasons there for; and

(d) what are the reasons for calling fresh tenders inviting the bidders; in cluding Hyundai, to revise their quotation?

THE MINISTER OF STATE FOR CHEMICALS AND FERTILISERS (SHRI EDUARDO FALEIRO) ■ (a) and (b) Yes, Sir.

(c) and (d) The Indian Petrochemicals Corporations Limited (IPCL) has informed that after the opening Of the bids, M/S Hyundai Corporation who were the lowest bidders, informed them that there were 6ome serious calculation mistakes at their end. which led to omission of some important items of work. M/$_s$ Hyundai Corporation, therefore, wanted to renegotiate the price quoted in then-original bid. In this background revised quotations were called from M/s Hyundai Corporation as well as n M|s Motherwell, the second lowest bidder. As per the procedure de-cided by the IPCL management, M/s Hyundai were first asked whether they Would undertake the job at the original quoted price. On their expressing their inability to do so, the revised quotation of the second best bidder was opened and was accepted with the discount offered by the party.

गुजरात में पर्यटन का विकास

1335. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :**

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत पर्यटन विकास निगम ने गुजरात में अपने उद्यमों में वर्ष-वार कुल कितनी धनराशि का निवेश किया है और इस लघु राज्य में ये उद्यम किन-किन स्थानों पर स्थित हैं ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान निगम ने अपने निवेश की तुलना में वर्ष -वार कुल कितना निवल लाभ अर्जित किया है ;

(ग) क्या निगम ने गुजरात में अपने एककों के विकास के लिये नई परियोजनायें तैयार की हैं ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाब नबी आजाद) :(क) पिछले

तीन वर्षों के दौरान भारत पर्यटन विकास निगम ने गुजरात में किसी भी नई परियोजना के स्थापित करने पर कोई निवेश नहीं किया है।

(ख) भारत पर्यटन विकास निगम का कर से पहले निवल लाभ निम्नलिखित है :—

1991-92	5.84 करोड़ रु०
1992-93	10.05 करोड़ रु०
1993-94	24.02 करोड़ रु०

(ग) से (ङ) भारत पर्यटन विकास निगम की आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992-97) में गुजरात में कोई भी योजनागत स्कीम/परिव्यय सम्मिलित नहीं है।

अहमदाबाद विमानपत्तन पर यात्रियों के रात भर ठहरने के लिए व्यवस्था

1336. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अहमदाबाद विमानपत्तन पर यात्रियों के लिये रात भर ठहरने की व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) क्या यह सच है कि गुजरात के दूरवर्ती क्षेत्रों से लोग अहमदाबाद अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन का प्रयोग करते हैं ;

(ग) क्या सरकार ने इस प्रयोजनार्थ भूमि के अधिग्रहण के संबंध में राज्य सरकार के साथ कोई बातचीत की है ;

(घ) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है; और

(ङ) उड़ानों में अत्यधिक विलम्ब होने या उन्हें रद्द किये जाने की स्थिति में अहमदाबाद विमानपत्तन पर विमान यात्रियों के विश्राम हेतु क्या व्यवस्था की गई है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी नहीं।

(ख) जी, हां।

(ग) जी, नहीं।

(घ) यह प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) उड़ानों में अत्यधिक देरी होने अथवा इनके रद्द होने पर यात्रियों के लिये आवश्यक प्रबन्ध करने का उत्तरदायित्व संबंधित एयरलाइनों का होता है।

मध्य प्रदेश में पर्यटन का विकास

1337. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1992-93 और 1993-94 के वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा मध्य प्रदेश में पर्यटन के विकास हेतु कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है ;

(ख) उन परियोजनाओं/ऐतिहासिक स्थलों का ब्यौरा क्या है जिनके लिए यह सहायता राशि प्रदान की गई है ;

(ग) इनमें से कौन-कौन से स्थान मध्य प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों में स्थित हैं; और

(घ) 1994-95 और 1995-96 के वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकार के पास वित्तीय सहायता की स्वीकृति हेतु लम्बित पड़े प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) वर्ष 1992-93 और 1993-94 के दौरान मध्य प्रदेश में पर्यटन के विकास हेतु केन्द्र सरकार ने 69.49 लाख रु० की सात परियोजनाओं/स्कीमों को मंजूरी दी है। स्वीकृत परियोजनाओं/स्कीमों,